☎:5263297724
Website:www.balrampur.kvs.ac.in

Azadi Ka Amrit Mahotsav

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय बलरामपुर

PM SHRI KENDRIYA VIDYALAYA, BALRAMPUR(U.P.)
निकट पीलीभीत गॉव Near Pilibhit Village, PIN– 271 201
kv.balrampur1@gmail.com

दिनांक - 25/03/2025

प्रवेश हेतु सूचना

कक्षा 1 में सत्र- 2025-26 के लिए अपने पाल्य / पाल्या के प्रवेश हेतु जिन अभिभावकों ने ऑनलाइन पंजीकरण फॉर्म भरा था ऐसे सभी अभिभावकों को निर्देशित किया जाता है कि औपबंधिक (Provisionally) रूप से चयनित अभ्यर्थियों की संलग्न सूची काअवलोकन करें । यदि आपके पाल्य/ पाल्या का नाम चयनित (RTE,CAT-1 और CAT- 2) सूची में है तो दिनांक 26/03/2025 से दिनांक 01/04/2025 तक प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 9.00 बजे से अपराह्न 2.40 बजे के मध्य प्रवेश हेतु विद्यालय में संपर्क करें। प्रवेश हेतु पाल्य/ पाल्या के माता अथवा पिता का आना अनिवार्य है। आपको सलाह दी जाती है कि प्रवेश हेतु अंतिम तिथि की प्रतीक्षा न करें, अविलंब अधोलिखित दस्तावेजों के साथ पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बलरामपुर में उपस्थित हों ताकि प्रवेश प्रक्रिया नियत समय में पूर्ण किया जा सके। यदि आप अपने पाल्य/पाल्या के प्रवेश हेतु निर्धारित तिथि तक विद्यालय में उपस्थित नहीं होते हैं तो आपके पाल्य / पाल्या के स्थान पर प्रतीक्षारत सूची से विद्यार्थियों को प्रवेश दे दिया जायेगा। किसी भी भ्रम की स्थिति में विद्यालय में सम्पर्क करें।

अनिवार्य दस्तावेज :-

- ऑनलाइन पंजीकरण फॉर्म की प्रति
- जन्मतिथि प्रमाण पत्र की प्रति (मूल प्रति साथ में लाना अनिवार्य है)
- अभिभावक का निवास प्रमाण पत्र (,वोटर आई .डी,बिजली का बिल इत्यादि)/किरायानामा (RTE अभ्यर्थियों को छोड़कर)
- विद्यालय से अभिभावक के निवास स्थान (अधिकतम 8 किलोमीटर) का शपथ पत्र (100 रू के स्टाम्प पेपर पर)।
- विद्यार्थी का पासपोर्ट साइज़ फोटो – एक
- विद्यार्थी का जाति प्रमाण पत्र (यदि विद्यार्थी का जाति प्रमाण पत्र न हो तो विद्यार्थी के पिता का जाति प्रमाण पत्र अंडरटेकिंग के साथ कि दिनांक 30/04/2025 के पूर्व विद्यार्थी का जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर दिया जाएगा)
- विद्यार्थी के पिता / माता का सेवा प्रमाण पत्र (Salary Slip के साथ) (यदि सरकारी सेवारत हैं)
- ऐसे अभिभावक जो सरकारी सेवारत हैं एवं उनकी सेवा (transferable)है तो 7 वर्षों के अन्दर हुए कुल स्थानान्तरणों का प्रमाण पत्र अवश्य प्रस्तुत करें।
- विद्यार्थी का आधार कार्ड

वैकल्पिक दस्तावेज :-

- विद्यार्थी के ब्लड ग्रुप संबंधित दस्तावेज

प्राचार्य

Scanned with OKEN Scanner